सार-समाचार

व्यावसायिक सिलेंडरों की किल्लत, हलवाई यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नोहर (निसं)। स्थानीय हलवाई यूनियन ने क्षेत्र में व्यावसायिक (कमर्शियल) गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत को लेकर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। यूनियन के अध्यक्ष बसंत तिवारी के नेतृत्व में हलवाइयों ने अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया कि वर्तमान में गैस कंपनियों द्वारा हलवाई की दुकानों पर एक भी कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे व्यापार ठप होने की कगार पर है। यूनियन ने मांग रखी है कि प्रत्येक दुकानदार को सुचारू कामकाज के लिए प्रति माह कम से कम 10 कमर्शियल सिलेंडर अनिवार्य रूप से दिए जाएं। उपखंड अधिकारी ने हलवाइयों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि जल्द ही गैस कंपनियों से समन्वय स्थापित कर सभी दुकानदारों को व्यावसायिक सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान कैलाश धर्मदास, अर्जुन कुमार, पवन कुमार, रूपा सैनी, मूलचंद पारीक स्वीट्स, राजेंद्र स्वामी, भागीरथ स्वामी और बाबूलाल स्वामी सहित यूनियन के कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग दोहराई।

रतनगढ़ में मिक्सी चोरी प्रकरण में आरोपी को किया जेसी, 52 मिक्सी की बरामद

रतनगढ़ (निसं)। शहर में गत दिनों एक इलेक्ट्रोनिक्स दुकान के गोदाम से 55 मिक्सी चोरी प्रकरण में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से 52 मिक्सी बरामद कर उसको न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया है। दुकान के प्रोपराईटर नरेंद्र झंवर द्वारा दी गई रिपोर्ट में भुपेश भुवालका एवं अंकित पंसारी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने भूपेश को गिरफ्तार उसकी निशानदेही पर 52 मिक्सी बरामद की। वहीं अंकित से तीन घंटे की कड़ी पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। पुलिस ने बताया कि भूपेश ने अपनी व्यक्तिगत रंजिश के चलते इस प्रकरण में अंकित का साथ होना बताया, लेकिन पुलिस पूछताछ के दौरान भूपेश अपनी बात से पलट गया, वहीं अंकित ने भूपेश के साथ चल रही रंजिश के बारे में पुलिस को बताया, उसके पश्चात पुलिस ने अंकित को निर्दोष करार दिया। न्यायालय के आदेश के पश्चात उक्त मिक्सियां शनिवार को झंवर के सुपुर्द की गई है।

राजकीय महाविद्यालय पाटन में स्नातक प्रवेश की अंतिम तिथि 22 मई

पाटन (निसं)। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश हेतु संशोधित ऑनलाइन कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 मई निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 25 मई रहेगी। अंतिम वरीयता एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, दस्तावेज सत्यापन तथा ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 30 मई तय की गई है। राजकीय महाविद्यालय पाटन में कला वर्ग के दो सेक्शन संचालित हैं, जिनमें कुल 200 सीटें स्वीकृत हैं। समाचार लिखे जाने तक 195 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। महाविद्यालय में नाममात्र शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान प्रतियोगी परीक्षाओं की मांग को ध्यान में रखते हुए राजनीति विज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, इतिहास एवं लोक प्रशासन विषय समूह संचालित किए जा रहे हैं।प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीना ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदन भरते समय व्यक्तिगत जानकारी सावधानीपूर्वक दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को विभिन्न राज्य सरकार की छात्रवृत्ति एवं स्कूटी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा।

रतनगढ़ फायरिंग प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार

रतनगढ़ (निसं)। शहर के वार्ड संख्या 21 में पूर्व पार्षद राजेंद्र बबेरवाल के घर पर हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद स्वयं रतनगढ़ पहुंचे और घटनास्थल का मौका निरीक्षण कर पूरी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा जांच को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जानकारी के अनुसार गुरुवार को वार्ड संख्या 21 स्थित पूर्व पार्षद राजेंद्र बबेरवाल के घर पर अज्ञात बदमाशों द्वारा फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही रतनगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में दो आरोपियों को चूरू से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को गुरुवार रात ही रतनगढ़ लाया गया, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से घटना के कारण, योजना और अन्य संभावित साथियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। शुक्रवार को एसपी निश्चय प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और फायरिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने जांच टीम को निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अन्य संदिग्धों की भूमिका को भी खंगाला जा रहा है।फिलहाल पुलिस आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है तथा मामले से जुड़े अन्य तथ्यों को जुटाने में लगी हुई है।

सुमित माली पुलिस उप अधीक्षक बने, ग्रामीणों ने किया स्वागत

नोहर (निसं)। तहसील के गांव असरजाना से ग्रामीण अंचल के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बशर्ते उन्हें सही दिशा और मेहनत का संबल मिले। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है गाँव असरजाना के सुमित कुमार माली ने। हाल ही में घोषित हुए भर्ती परीक्षा परिणाम में 91वीं रैंक हासिल कर पुलिस उपाधीक्षक पद पर चयनित होने पर सुमित कुमार पुत्र गौरीशंकर माली का उनके पैतृक गाँव में भव्य सम्मान किया गया। गुरुवार को गाँव में संचालित सक्सेस लाइब्रेरी में एक भव्य विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ सुमित की इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न पूरे ग्रामीण उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा के पूर्व देहात अध्यक्ष कुलदीप सहू, किकराली ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि रणजीत गोदारा, उप प्रशासक मुकेश गोदारा और ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह खिंची सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने सुमित कुमार को पारंपरिक राजस्थानी साफा पहनाकर, मिठाई खिलाकर और सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

किन्नर होने के नाते बधाई लेना हकः माही

- न्याय नहीं मिला तो दिया जाएगा धरना, प्रताड़ना देकर 25 लाख की मांगी जा रही है फिरौती

सीकर (निसं)। किन्नर समाज से प्रताड़ित माही शेखावत ने कहां कि उन्हें किन्नर समाज की कुछ तथाकथित किन्नर प्रताड़ित कर रहे हैं सरेआम मारपीट तथा बधाई लेने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है प्रेस वार्ता के दौरान माही शेखावत ने कहा कि बधाई लेना उनका हक है जो कोई नई छीन सकता उन्होंने कहा कि पायल बाई अपने आपको किन्नर समाज की गद्दी नसीन मानती है जो चाहे जिसे समाज से निकाल देती है ऐसा ही उनके साथ किया जा रहा है बिरादरी में शामिल करने के नाम पर जुर्माने के नाम पर 25 लाख रुपए की फिरौती मांगने का भी आरोप लगाया है माही ने कहा कि उन्होंने मारपीट और प्रताड़ित किए जाने का परिवाद उद्योग नगर थाने में दिया था लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की उनका आरोप है कि पुलिस भी उनसे मिली हुई है माही ने कहा कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह धरने पर बैठकर न्याय की गुहार लगाएगी माही ने खुलासा करते हुए बताया कि वह पंजाब में अपने परिवार के साथ अपना जीवन बसर कर रही थी साथ ही ग्रेजुएशन भी की लेकिन किन्नर समाज ने उन्हें अपना कर घर बार छुड़ा दिया आज जब वह सोशल मीडिया व अन्य सामाजिक सरोकार के कामों में सक्रिय हुई तो उन्हें प्रताड़ित किया जाने लगा तथा धमकी और फिरौती मांगने लगे माही शेखावत ने सर्व समाज से उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।

आरटीओ इंस्पेक्टर के अनोखे अंदाज़ से हुई सड़क सुरक्षा और गहरी

- नोहर के आरटीओ इंस्पेक्टर रायसिंह बने सड़क सुरक्षा के चेहरे, चालान से ज्यादा जागरूकता पर जोर

नोहर (निसं)। एक और जहां परिवहन निरीक्षकों द्वारा वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार व वसूली के वीडियो आये दिन सामने आते रहते है, वहीं दूसरी ओर इसी महकमें का एक अधिकारी ऐसा भी है जो अपनी कार्य शैली को लेकर लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। जी हां, हम बात कर रहे हैं नोहर के जिला परिवहन कार्यलय में तैनात इंस्पेक्टर रायसिंह की। अपनी कार्य प्रणाली को लेकर आमजन के बीच अपनी खास पहचान बना चुके आरटीओ इंस्पेक्टर रायसिंह करीब एक वर्ष से पोस्टेड हैं। आरटीओ इंस्पेक्टर रायसिंह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव है। उनकी फैन फॉलोइंग लाखों में है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्ययूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वो सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जनजागरूकता फैला रहे हैं। इसी का परिणाम है की अब वाहन चालक उनसे भय नहीं खाते, बल्कि उनसे के साथ सेल्फी लेते हैं

इस संबंध में राजसिंह का कहना है की जुर्माना लगाकर हम वाहन चालक को एक बार के लिए तो मजबूर कर सकते हैं, लेकिन जब तक वाह खुद से इसके लिए तैयार नहीं होगा तब तक वो यातायात नियमों की अनदेखी ही कर्ता रहेगा। इसलिए उनका उद्देश्य है कि वाहन चालकों को जागरूक किया जाए ताकि हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ो में कमी लाई जा सके। वे बताते हैं की इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने सोशल मीडिया को इसका जरिया बनाया। क्योंकि आज कल हर कोई इसका इस्तेमाल कर रहा है तो आमजन तक पहुंच बनाने का यही सर्वोत्तम माध्यम है। यातायात सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर जन जागरूकता लाने की यह मुहिम अब व्यापक रूप ले चुकी है। उनके मोटिवेशन वीडियो देखकर जहां एक और वाहन चालक नियमों के प्रति जागरूक हो रहे हैं वहीं, दानदाता भी आगे आकर उनकी इस मुहिम में भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने बताया की पिछले करीब एक साल में दानदाताओं के माध्यम से करीब 1000 से ऊपर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क उपलब्ध करवा चुके हैं।

इंस्पेक्टर रायसिंह बताते हैं की भले ही वाहन चालक परिवहन विभाग को दूसरी नजर से देखते हो, लेकिन उनके प्रति वाहन चालकों का स्नेह है लगातर बढ़ता जा रहा है। क्योंकी वे चालान से ज्यादा समझाईश में विश्वास रखते हैं। क्योंकी चालान से हम सरकारी आंकड़ों और राजस्व को तो बढ़ा सकते हैं, लेकिन सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए वाहन चालकों को जागरूक करना ही सही विकल्प है। इसी प्रकार इंस्पेक्टर रायसिंह के मोटिवेशन वीडियो से प्रेरित होकर नोहर के सामाजिक कार्यकर्ता मकबूल मुल्तानी ने भी उनके माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट वितरित करवाए थे। मुल्तानी बताते हैं की रायसिंह बेहतर कार्य कर रहे हैं। उनके जन जगरूकता अभियान से अगर 50 वाहन चालक भी यातायात- सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हैं तो सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है, जिससे कई परिवार उजड़ने से बच सकते हैं। उनके कार्य को देखकर ही उन्होंने यह निर्णय लिया क्यों न इस कार्य में उनका सहयोग किया जाए। मकबूल मुल्तानी की भांति ही अनेक समाज सेवी और स्वयं सेवी संस्थाएं दिल खोलकर इस मुहिम में अपना संयोग कर रहे हैं।

जन जगरूकता का यह मिशन पिछले कई सालों से निरंतर जारी है। आलम यह है की अब वाहन चालक दुर से ही रायसिंह को देखकर वाहन रोक लेते हैं और उनके साथ सेल्फी लेते हैं। यही नहीं उनकी वीडियो में यह भी दिखाया जाता है कि किस प्रकार से वाहन चालकों ने इंस्पेक्टर राय सिंह से प्रेरणा लेकर यातायात नियमों के प्रति सजगता बरतनी शुरू कर दी है। आरटीओ इंस्पेक्टर राय सिंह की कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर उपखंड और जिला प्रशासन भी उन्हें राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित कर चुका है। इसी हौंसला अफजाई का ही परिणाम है यह राय सिंह अभी दोगुनी ऊर्जा के साथ अपने कार्य में जुटे हुए हैं। वे न केवल राज कार्य बखूबी निभा रहे हैं बालकी वाहन चालकों के जीवन में नया सवेरा लाने का प्रयास भी कर रहे हैं।

बीते जनवरी माह में चले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत भी अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जन जागरूकता लाने का अभियान चलाया था। स्कूल-कॉलेज में सेमीनार आयोजित किए गए, शहर में जागरूकता रैलियां निकाली गई। जगह जगह होर्डिंग्स लगाए गए यही नहीं गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर उन्होंने झांकीयां निकालकर उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यही नहीं स्कूलों में सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर पर प्रश्नोत्तरी व चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन भी किए गए जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। माह के अंत में एक शानदार कार्यक्रम आयोजित कर इस मुहीम में सहयोग करने वालों को सम्मानित कर हौंसला अफजाई की गई।

इंस्पेक्टर रायसिंग कहते हैं कि सरकर ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उसको वे पुरी निष्ठा के साथ निर्वाह कर रहे हैं। इसके साथ साथ वे जनजागरूकता के प्रति अपना सामाजिक दायित्व भी निभा रहे हैं। आने वाले समय में इसे और व्यापक भी किया जाएगा।

खेतड़ी में पेयजल की समस्या से ग्रामीण परेशान

खेतड़ी (निसं)। खेतड़ी कस्बे मे भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर नियमित रूप से पेयजल सप्लाई करने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया। एडवोकेट विजेंद्र सैनी ने बताया कि वार्ड नंबर 21, एसडीएम कोर्ट के सामने स्थित कालोनी में सीवरेज लाइन के साथ पानी सप्लाई की लाइन डालने के पश्चात पानी की आपूर्ति बहुत ही कम मात्रा में हो गई है। पीने की पानी की भारी किल्लत होने के कारण कस्बे वासियों ने प्रदर्शन किया व अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। मुकेश सैनी ने बताया कि पानी की सप्लाई पिछले कुछ दिनों से अनियमित व कम मात्रा में हो रही है, जिसके चलते घर में हाथ धोने के लिए भी पानी नहीं है।

ढूकिया हॉस्पिटल में सफल सर्जरी बनी राहत की सांस

- 25 वर्षीय अनूप को हाइड्रोकेफेलसः समय पर उपचार होने के कारण से बची जान

झुंझुनूं (निसं)। जिले के नारी निवासी 25 वर्षीय युवक अनूप को अचानक गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्या हाइड्रोकेफेलस होने पर परिजनों की सतर्कता और समय पर मिले इलाज ने उसकी जान बचा ली। तेज सिरदर्द, लगातार उल्टी और चलने में असंतुलन जैसी गंभीर शिकायतों के बाद परिजन उसे तुरंत झुंझुनूं के ढूकिया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने तत्काल स्थिति की गंभीरता को पहचानते हुए उपचार शुरू किया। अस्पताल में न्यूरो सर्जन डॉ. जोगेंद्र सिंह झाझड़िया ने जांच के बाद मरीज को हाइड्रोकेफेलस से पीड़ित बताया और बिना देरी किए आवश्यक सर्जरी की प्रक्रिया अपनाई। समय पर उपचार मिलने के चलते मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और एक बड़ा खतरा टल गया।

डॉक्टरों के अनुसार हाइड्रोकेफेलस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसमें मस्तिष्क के भीतर सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड (सीएसएफ) का असामान्य रूप से जमाव हो जाता है, जिससे दिमाग पर दबाव बढ़ता है। समय पर इलाज न मिलने पर यह स्थिति जानलेवा या स्थायी विकलांगता का कारण बन सकती है।

विशेषज्ञों ने बताया कि इस बीमारी की पहचान सीटी स्कैन, एमआरई तथा आवश्यक मामलों में अल्ट्रासाउंड के माध्यम से की जाती है। उपचार के रूप में शंट सर्जरी अथवा एंडोस्कोपिक थर्ड वेंट्रिकुलोस्टॉमी जैसी आधुनिक तकनीकें अपनाई जाती हैं।

अस्पताल निर्देशक डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में न्यूरो सर्जरी सहित गैस्ट्रो, यूरोलॉजी, आर्थोपेडिक, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी एवं अन्य विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही ईसीएचएस, ईएसआईसी, आरजीएचएस एवं मां योजना के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा भी दी जा रही है,जिससे मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में 32 स्लाइस सीटी स्कैन और एडवांस कलर डॉपलर सोनोग्राफी जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित उपचार संभव हो पा रहा है।

शहीद सुखदेव के 117वें जन्मोत्सव पर युवाओं ने किया पौधरोपण

- कार्यक्रम के दौरान युवाओं को पेड़ों से होने वाले अनगिनत लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया

नोहर (निसं)। तहसील के गांव असरजाना में देश के महान क्रांतिकारी और शहीदे आज़म सुखदेव थापर जी के 117वें जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को गांव में युवाओं और ग्रामीणों द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। इस खास दिन को यादगार बनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए शहीद भगत सिंह युवा क्लब के बैनर तले गांव के श्मशान घाट में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई कर रहे शहीद भगत सिंह युवा क्लब के प्रधान कॉ. बलवीर जाखड़ ने इस मौके पर उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों की निरंतर हो रही कमी के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है, जिससे मानव जीवन पर भी संकट मंडरा रहा है। वर्तमान समय की मांग को देखते हुए पौधरोपण बेहद जरूरी हो गया है।

माणकचन्द बराला ने बताया कि पृथ्वी की प्राकृतिक खूबसूरती को बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा देना हम सभी का परम कर्तव्य है। इसके लिए हर नागरिक को आगे आना होगा।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को पेड़ों से होने वाले अनगिनत लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया और पर्यावरण को शुद्ध व हरा-भरा रखने के प्रति जागरूक किया गया। युवाओं ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि भविष्य में उनकी उचित देखरेख और सिंचाई करने का भी संकल्प लिया। इस प्रेरणादायक अवसर पर मुख्य रूप से प्रमोद कुमार, दीपाराम, सुनील सहित गांव के कई अन्य युवा साथी और प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

डेंगू पर वारः एएनएमटीसी छात्राओं ने की जागरूकता रैली

झुंझुनूं (निसं)। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शनिवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में डेंगू रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में एएनएमटीसी की नर्सिंग प्रशिक्षु छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर आमजन को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक किया।

रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सीएमएचओ कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सीएमएचओ कार्यालय से प्रारंभ होकर जेपी जानू स्कूल तक पहुंची, जहां छात्राओं ने नारों एवं जनसंदेशों के माध्यम से लोगों को डेंगू के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। रैली के दौरान प्रशिक्षु छात्राओं ने साफ-सफाई अपनाएं, डेंगू भगाएं, घर में पानी जमा न होने दें जैसे जागरूकता नारों के जरिए लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बताए।

छात्राओं ने आमजन को समझाया कि कूलर, गमले, पुराने टायर एवं अन्य पात्रों में जमा पानी डेंगू मच्छर के पनपने का प्रमुख कारण बनता है। ऐसे में नियमित सफाई, पानी की निकासी एवं स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने कहा कि डेंगू जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आमजन से अपने घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा मच्छरों से बचाव के सभी उपाय अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवर लाल सर्वा, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. कुलदीप फौजदार, एएनएमटीसी प्रिंसिपल संतोष सेनी, डाटा मैनेजर राजेश कसवा सहित विभागीय अधिकारी, कार्मिक एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

रूस्तम धोरा स्थित मंदिर में चोरी, चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

रतनगढ़ (निसं)। तहसील के गांव आलसर बास स्थित रूस्तम धोरा पर बने मंदिर से अज्ञात ने हजारों रुपए के चांदी के छत्रों की चोरी कर ली। घटना शुक्रवार सुबह की है। घटना का पता शुक्रवार की दोपहर उस समय चला, जब पुजारी भंवरदान सिद्ध मंदिर पहुंचे। घटना की सूचना पर राजलदेसर पुलिस शुक्रवार की शाम मंदिर पहुंची तथा मौका मुआयना किया। चोरी की घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। ग्राम पंचायत के प्रशासक भानीराम मेघवाल ने बताया कि चोर ने मंदिर से पांच-सात छत्रों की चोरी कर ली, जो भक्तों द्वारा मंदिर में चढ़ाए गए थे। हैड कांस्टेबल रोशनलाल ने बताया कि मौका मुआयना कर लिया गया है तथा मंदिर की ओर से लिखित रिपोर्ट मिलने पर मामला दर्ज कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है।

सीकर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की मौत

- परिवार का आरोप है कि परीक्षा रद्द होने की खबर के बाद वह गहरे तनाव में चला गया था
- पिछले तीन-चार वर्षों से सीकर में रहकर निजी कोचिंग संस्थान में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था

गुढ़ागौड़जी (निसं)। प्रतियोगी परीक्षाओं की अव्यवस्था, लगातार बदलते फैसले और छात्रों पर बढ़ते मानसिक दबाव ने एक और युवा की जान ले ली। सीकर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे झुंझुनूं जिले के गुढ़ागौड़जी कस्बे के बाड्या नला निवासी 22 वर्षीय प्रदीप माहीच की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। गुढ़ागौड़जी थाने से मिली जानकारी के अनुसार परिवार का आरोप है कि परीक्षा रद्द होने की खबर के बाद वह गहरे तनाव में चला गया था। गरीब परिवार से आने वाला प्रदीप तीन बहनों का इकलौता भाई था। वह पिछले तीन-चार वर्षों से सीकर में रहकर निजी कोचिंग संस्थान में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। परिवार ने सपनों की खातिर आर्थिक तंगी झेली, लेकिन बेटे की पढ़ाई नहीं रुकने दी। इस बार घरवालों को उम्मीद थी कि प्रदीप डॉक्टर बनकर परिवार की तकदीर बदल देगा।

परिजनों के अनुसार, तीन मई को हुई नीट परीक्षा के बाद प्रदीप बेहद खुश था। उसने खुद कहा था कि उसका पेपर बहुत अच्छा हुआ है और करीब 650 अंक आने की संभावना है। परिवार और गांव में चयन को लेकर उत्साह था, लेकिन परीक्षा को लेकर फैली अनिश्चितता और रद्द होने की चर्चाओं ने उसकी मानसिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। बताया जा रहा है कि पिछले चार दिनों से वह तनाव में था और कम बोल रहा था। शुक्रवार सुबह भी उसने अपने पिता राजेश से फोन पर बात की थी। परिवार रोज़ की तरह उसके लिए दूध और छाछ भेजने की तैयारी कर रहा था। कुछ देर बाद उसके निधन की सूचना ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सार-समाचार

11 साल से फरार स्थाई वारंटी मुखराम उर्फ मुखिया गिरफ्तार

झुंझुनूं (निसं)। पुलिस थाना कोतवाली झुंझुनूं ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 11 वर्ष पुराने प्रकरण में वांछित स्थाई वारंटी मुखराम उर्फ मुखिया को पुलिस ने आसूचना के आधार पर दबिश देकर कस्बा झुंझुनूं से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा वृत्ताधिकारी शहर गोपाल सिंह ढाका के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार माननीय एसीजेएम न्यायालय झुंझुनूं के प्रकरण संख्या 475/15 में धारा 341, 323 एवं 34 भादसं के तहत आरोपी मुखराम उर्फ मुखिया पुत्र रतिराम निवासी मोहल्ला खटीकान, वार्ड नंबर 17, झुंझुनूं लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई टीम में श्रवण कुमार, थानाधिकारी कोतवाली झुंझुनूं , सुभाषचन्द्र , रमेश , पवन , अंकित शामिल रहें।

जनगणना-2026 का आगाजः अब फील्ड से भेजने होंगे फोटो-वीडियो

झुंझुनूं (निसं)। जिले में जनगणना-2026 के प्रथम चरण का शनिवार को औपचारिक आगाज हो गया। नगर परिषद झुंझुनूं कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के बाद प्रगणकों और सुपरवाइजरों की टीमों को हरी झंडी दिखाकर फील्ड के लिए रवाना किया गया। प्रशासन ने इस बार जनगणना कार्य में पारदर्शिता, जवाबदेही और सतत मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया है। कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक पूनम कटेवा तथा नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या मौजूद रहे। अधिकारियों ने टीमों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। फील्ड में कार्यरत प्रगणकों और सुपरवाइजरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्य से जुड़े फोटो और वीडियो नियमित रूप से साझा करें, ताकि जिला स्तर पर गतिविधियों की निगरानी की जा सके। प्रशासन का मानना है कि इससे जनगणना कार्य अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगा। एडीएम अजय कुमार आर्य ने कहा कि प्रत्येक नागरिक और परिवार का डेटा पूरी ईमानदारी एवं गंभीरता के साथ दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड कार्य की रोजाना समीक्षा करें तथा प्रगणकों और सुपरवाइजरों को आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही अधिकारियों को यह भी कहा गया कि फील्ड कार्य की प्रगति, बैठकों और आयोजनों से जुड़े फोटो-वीडियो तत्काल जिला स्तर पर साझा किए जाएं, ताकि कार्य की सतत मॉनिटरिंग हो सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने विश्वास जताया कि तकनीक आधारित निगरानी और नियमित समीक्षा से जनगणना-2026 का कार्य जिले में अधिक सटीक, व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जा सकेगा।

जिले में खेल प्रतिभा का परचमः केशव आदर्श विद्या मंदिर ने जीते 60 पदक

झुंझुनूं (निसं)। जिले के शिक्षा एवं खेल जगत के लिए गौरव का क्षण उस समय बना, जब जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में वर्ष 2025-26 के दौरान सर्वाधिक पदक जीतने वाले विद्यालय के रूप में शहर के केशव आदर्श विद्या मंदिर का नाम पूरे सम्मान के साथ घोषित किया गया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय कोच आकाश नेहरा के कुशल नेतृत्व में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए कुल 60 पदक अपने नाम किए। इन उपलब्धियों में 47 गोल्ड मेडल , 10 सिल्वर मेडल और 3 ब्रोंज मेडल शामिल रहे। विद्यालय के खिलाड़ियों ने जूडो, योगासन, कुश्ती एवं कुरास जैसे खेलों में दमदार प्रदर्शन कर जिले का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे नेशनल कोच आकाश नेहरा की मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रशिक्षण को प्रमुख आधार माना गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में नेशनल कोच आकाश नेहरा का भव्य सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सत्यनारायण मिश्रा (राजस्थान खेल प्रमुख, विद्या भारती), मुकेश (विभाग प्रचारक), सुभाष जालान, रामजीलाल कल्याणी एवं राजेंद्र कुमार गोयन ने आकाश नेहरा को अंगवस्त्र, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का माध्यम हैं। केशव आदर्श विद्या मंदिर ने खेलों के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किया है, वह जिले के अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा का विषय है।

डूंडलोद पब्लिक स्कूल्स की अनूठी पहल, रिकॉर्ड 12 हजार परिंडे लगाएंगे विद्यार्थी

झुंझुनूं (निसं)। भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने और बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के संस्कार विकसित करने को लेकर डूंडलोद पब्लिक स्कूल एंड ग्रुप्स ने अनूठी पहल शुरू की है। इको राइज कार्यक्रम के तहत इस बार विद्यार्थियों को सामान्य होमवर्क के साथ एक विशेष सामाजिक जिम्मेदारी भी दी गई है। स्कूल समूह ने सभी विद्यार्थियों को अपने घरों और आसपास दो-दो परिंडे लगाने का संकल्प दिलाया है। खास बात यह है कि इस अभियान के तहत रिकॉर्ड 12 हजार परिंडे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसकी हर दिन डिजिटल मॉनिटरिंग भी की जाएगी। इस अभियान का शुभारंभ झुंझुनूं के मंडावा मोड़ स्थित डूंडलोद पब्लिक स्कूल में स्कूल सचिव एवं जाने-माने शिक्षाविद व मोटिवेशनल स्पीकर बीएल रणवां, एसडीएम कौशल्या विश्नोई व प्रिंसिपल डॉ. सतबीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

रतनगढ़ में सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

रतनगढ़ (निसं)। क्षेत्र में शनिवार को बड़ अमावस्या के अवसर पर सुहागिनों ने बड़ पीपल की पूजा-अर्चना कर पति की लंबी आयु, सुख व स्मृद्धि की कामना की। शहर के विभिन्न स्थानों पर शनिवार की सुबह महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने वट वृक्ष पर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की तथा सावित्री व सत्यवान की कथा सुनी तथा बड़ के पत्तों को गहनों के रूप में अपने शरीर पर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पवित्र वृक्ष के नीचे माता सावित्री ने अपने संकल्प के बल पर यमराज से पति सत्यवान के प्राण वापिस प्राप्त किए थे, तब से इस पूजा की परंपरा चली आ रही है। साथ ही उक्त त्यौहार पर्यावरण संरक्षक का संदेश भी देता है। श्रद्धालुओं ने अनेकों स्थानों पर बड़ व पीपल के पौधों में टैंकरों के माध्यम से पानी भी डलवाया तथा कई स्थानों पर सामुहिक रूप से भजन-कीर्त्तन का आयोजन भी हुआ।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्याः** एस.एंड टी-बी.के. एन/2026-27/-08, **कार्य का नाम व स्थानः** बीकानेर मंडल के हनुमानगढ़-सादुलपुर खंड के LC-14, 34-1 in HMH-SDLP मानवयुक्त समपार गेट नंबर के 02 के इंटरलॉकिंग के प्रावधान के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े इनडोर और आउटडोर का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य रु.:** 10989248.84, **बिड सिक्योरिटि राशि (रुपये में):** 219800.00, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** 08.06.2026 को 15.00 बजे तक, **वेबसाइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 733-PH/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्याः** एस.एंड टी-बी.के. एन/2026-27/-04, **कार्य का नाम व स्थानः** बीकानेर मंडल के स्वतंत्र इंटरलॉक्ड (Independent Interlocked LC gates) समपार फाटकों पर आग लगने का स्वचालित (Automatic) पता लगाने और अलार्म प्रणाली (AFDAS) का प्रावधान। **अनुमानित लागत मूल्य रु.:** 38900448.70, **बिड सिक्योरिटि राशि (रुपये में):** 778000.00, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** 11.06.2026 को 15.00 बजे तक, **वेबसाइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 732-PH/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें